Total Pages : 12

# KN-309

## B.Com. (Part-II) Examination, 2022

## (New Course)

## ACCOUNTING

## ( Corporate Accounting )

## [ Paper : First (Group-I) ]

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Passing Marks : 25***

**Note :** Attempt all the **five** questions. One question from each unit is **compulsory**. **All** questions carry equal marks.

सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना **अनिवार्य** है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**UNIT-I / इकाई-I**

1. Agro Ltd. made the following issue of shares :

(a) To a vendor who supplied machinery costing Rs. 4,40,000, 4,000 equity shares of Rs. 100 each, at a premium of 10%.



(b) 1,000, 10% Preference Shares of Rs.500 each at a premium of 5%.

(c) 2,000 equity shares of Rs. 100 each at per.

The issue was fully subscribed and all amounts were received.

Pass the journal entries and prepare the Balance Sheet in the books of Agro Limited.

एग्रो लिमिटेड ने अंशों के निम्न निर्गमन किये :

(a) एक विक्रेता को जिसने 4,40,000 रु. की मशीनरी बेची थी, 100 रु. वाले 4,000 समता अंश, 10 प्रतिशत प्रीमियम पर।

(b) 1,000, 10 प्रतिशत पूर्वाधिकार अंश प्रत्येक 500 रु. का 5 प्रतिशत प्रीमियम पर।

(c) 2,000 समता अंश प्रत्येक 100 रु. सममूल्य पर।

समस्त निर्गमन आवेदित हुआ और राशियाँ प्राप्त हो गयी। एग्रो लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और चिट्ठा बनाइए।

**OR/अथवा**

What is meant by redemption of Preference Share? State the provisions of Indian Company Act regarding the redemption of preference shares.

पूर्वाधिकार अंशों के शोधन से क्या आशय है? पूर्वाधिकार अंशों के शोधन के सम्बन्ध में भारतीय कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों को समझाइए।

## UNIT-II / इकाई-II

2. Give format of Statement of Profit and Loss of a company according to Companies Act, 2013.

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार एक कम्पनी के लाभ-हानि विवरण पत्र का प्रारूप दीजिए।

**OR/अथवा**

On 31st March, 2018 Vicky Shoe Ltd. went into voluntary liquidation. The liquidator is to be paid remuneration @ 3% on the amount realized on sale of assets and 2% on amount distribute to shareholders :

| | |
|---|---|
| Cash realized on sale of assets | 7,00,000 |
| Liquidation Expenses | 12,600 |
| Creditors (Including salary for one month Rs. 8,400) | 95,200 |
| 7,000, 6% Preference Share of Rs. 30 each(On which dividend is arrear for one year) | 2,10,000 |
| 14,000, Equity Shares of Rs. 10 each, Rs. 9 per share called & Paid | 1,26,000 |
| General Reserve | 1,68,000 |
| Profit and Loss | 28,000 |

Under article of associations of the company preference shareholders have a right to receive 1/3 of the surplus remaining after repaying the equity share capital.

Prepare liquidator's final statement of account.



31 मार्च, 2018 को विक्की शू लि. का ऐच्छिक समापन हुआ। निस्तारक को सम्पत्तियों के विक्रय पर 3 प्रतिशत तथा अंशधारियों को वितरित राशि पर 2 प्रतिशत पारिश्रमिक मिलेगा :

| | |
|---|---|
| सम्पत्तियों की बिक्री से रोकड़ प्राप्ति | 7,00,000 |
| समापन व्यय | 12,600 |
| व्यापारिक लेनदार(एक माह का वेतन 8,400 रु. सहित) | 95,200 |
| 7,000 रु. के 6 प्रतिशत पूर्वाधिकार अंश, प्रत्येक 30 रु. का (जिस पर एक वर्ष का लाभांश अवशिष्ट है) | 2,10,000 |
| 14,000 समता अंश, प्रत्येक 10 रु. का, प्रत्येक पर 9 रु. याचित और प्राप्त | 1,26,000 |
| सामान्य संचय | 1,68,000 |
| लाभ-हानि खाता | 28,000 |

कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियम के अनुसार पूर्वाधिकार अंशधारियों को समता अंशधारियों की राशि भुगतान करने के बाद बची हुई राशि में से 1/3 राशि प्राप्त करने का अधिकार है।

निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइये।

## UNIT-III / इकाई-III

3. What is Goodwill? Discuss the factors affecting value of goodwill.

ख्याति क्या है? ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले घटकों को समझाइए।

**OR / अथवा**

On 31st March, 2018 the balance sheet of Ritu Ltd. is given below :

| Particular | Rs. |
|---|---|
| I **EQUITY AND LIABILITIES** | |
| **Shareholder's Finds :** | |
| Share Capital : | |
| 5,000, Equity Shares of Rs. 100 each | 5,00,000 |
| **Reserves & Surplus :** | |
| Statement of Profit & Loss | 1,03,000 |
| **Current Liabilities :** | |
| Trade Payable | 1,52,000 |
| **Short-term provision :** | |
| Provision for Taxation | 45,000 |
| Bank Overdraft | 20,000 |
| Total | 8,20,000 |
| II **ASSETS** | |
| **Non-Current Assets :** | |
| **Fixed Assets :** | |
| Tangible Assets | |
| Building | 2,20,000 |
| Machinery | 95,000 |
| **Current Assets :** | |
| Trade Receivables | 1,55,000 |
| Stock | 3,50,000 |
| Total | 8,20,000 |

The net profit of the company, after deducting all working expenses and provision for depreciation and taxation were as under :

2013-14 Rs. 85,000, 2014-15 Rs. 96,000, 2015-16 Rs. 90,000, 2016-17 Rs. 1,00,000, 2017-18 Rs. 95,000.

Building and Machinery were respectively valued at Rs. 2,50,000 and Rs. 1,50,000 on 31st March, 2018. The fair return in industry in which the company is engaged may be taken at 10% p.a. Find out value of share after taking



into consideration the value of goodwill based on 5 year's purchase of the super profit based on the average profit of the last five years.

31 मार्च, 2018 की रीतू लि. का चिठ्ठा नीचे दिया गया है :

| विवरण | राशि |
|---|---|
| I **समता एवं दायित्व** | |
| **अंशधारी कोष :** | |
| अंशपूजी : | |
| 5,000 समता अंश, प्रत्येक 100 रु. | 5,00,000 |
| **संचय एवं कोष :** | |
| लाभ-हानि विवरण पत्र | 1,03,000 |
| **चालू दायित्व :** | |
| व्यापारिक देय | 1,52,000 |
| अन्य चल दायित्व | |
| **अल्पकालीन प्रावधान :** | |
| करों के लिए प्रावधान | 45,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 20,000 |
| योग | 8,20,000 |
| II **सम्पत्तियाँ** | |
| **गैर-चल सम्पत्तियाँ :** | |
| **स्थिर सम्पत्तियाँ :** | |
| मूर्त सम्पत्तियाँ | |
| भवन | 2,20,000 |
| मशीनरी | 95,000 |
| **चल सम्पत्तियाँ :** | |
| व्यापारिक प्राप्य | 1,55,000 |
| स्कन्ध | 3,50,000 |
| योग | 8,20,000 |

समस्त कार्यपालन व्ययों को घटाकर एवं मूल्य ह्रास तथा करों के लिए प्रावधान करने के बाद कम्पनी का शुद्ध लाभ निम्नानुसार था:

2013-14 में 85,000 रु., 2014-15 में 96,000 रु., 2015-16 में 90,000 रु., 2016-17 में 1,00,000 रु. और 2017-18 में 95,000 रु.।

31 मार्च, 2018 को भवन एवं मशीन क्रमशः 2,50,000 रु. एवं 1,50,000 रु. पर मूल्यांकित किये गए। जिस उद्योग में कम्पनी लगी है उसमें उचित आय 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। ख्याति का मूल्य गत पाँच वर्षों के औसत वार्षिक अधिलाभ के 5 वर्षों के क्रय पर निकालते हुए अंशों का मूल्यांकन कीजिए।

## UNIT-IV / इकाई-IV

4. What is meant by Reduction of Capital ? Give the journal entries passed in the books of accounts for this.

पूँजी कटौती का क्या अर्थ है? इसके लिए लेखा पुस्तकों में की जाने वाली प्रविष्टियाँ कीजिए।

**OR/अथवा**

The Sun Co. Ltd. absorbed the business of Moon Co. Ltd. on 31st March, 2019, on which date the balance sheet of Moon Co. Ltd. was as follows :



| Particular | Rs. |
|---|---|
| I **EQUITY AND LIABILITIES** | |
| **Shareholder's Funds :** | |
| Share Capital : | |
| 20,000 Shares of Rs. 100 each | 20,00,000 |
| **Reserves & Surplus :** | |
| General Reserve | 2,00,000 |
| Statement of Profit & Loss | 1,00,000 |
| **Non-Current Liabilities** | Nil |
| **Current Liabilities :** | |
| Trade Payable | 4,90,000 |
| Other Current Liabilities | 10,000 |
| Total | 28,00,000 |
| II **ASSETS** | |
| **Non-Current Assets :** | |
| **Fixed Assets :** | |
| Tangible Assets | |
| Land & Building | 10,00,000 |
| Plant & Machinery | 5,00,000 |
| Furniture | 6,00,000 |
| **Intangible Assets** | |
| Patent | 2,00,000 |
| **Current Assets :** | |
| Trade Receivables | 4,00,000 |
| Cash and cash equivalent | 1,00,000 |
| Total | 28,00,000 |

It was agreed that :

(a) The Sun Company Ltd. is to pay Rs. 5 in cash for every share in the Moon Company Ltd.

(b) The Sun Company Ltd. will issue 12 shares of Rs. 10 each for every share in the Moon Company Ltd.

(c) The expenses of liquidation which amounted to Rs. 10,000 were borne by the Sun Company Ltd.

Make journal entries in the books of the Sun Company Ltd.

सन कम्पनी लि. ने मून कम्पनी लि. के व्यापार का संविलयन 31 मार्च, 2019 को कर लिया। मून कम्पनी लि. का उस दिन चिट्ठा निम्न प्रकार था :

| विवरण | राशि |
|---|---|
| I **समता एवं दायित्व** | |
| **अंशधारी कोष :** | |
| अंश पूँजी : | |
| 20,000 समता अंश, प्रत्येक 100 रु. | 20,00,000 |
| **संचय एवं कोष :** | |
| सामान्य संचय | 2,00,000 |
| लाभ-हानि विवरण पत्र | 1,00,000 |
| **गैर-चालू दायित्व** | Nil |
| **चालू दायित्व :** | |
| व्यापारिक देय | 4,90,000 |
| अन्य चल दायित्व | 10,000 |
| योग | 28,00,000 |
| II **सम्पत्तियाँ** | |
| **गैर चल सम्पत्तियाँ :** | |
| **स्थिर सम्पत्तियाँ :** | |
| मूर्त सम्पत्तियाँ : | |
| भूमि एवं भवन | 10,00,000 |
| प्लाण्ट एवं मशीनरी | 5,00,000 |
| फर्नीचर | 6,00,000 |
| अमूर्त सम्पत्तियाँ : | |
| पेटेण्ट | 2,00,000 |
| चल सम्पत्तियाँ : | |
| व्यापारिक प्राप्य | 4,00,000 |
| नकद एवं नकद तुल्य | 1,00,000 |
| योग | 28,00,000 |



यह तय हुआ कि :

(a) सन कम्पनी लि. द्वारा मून कम्पनी लि. के प्रत्येक अंश के लिए 5 रु. नकद दिये जायेंगे।

(b) सन कम्पनी लि. द्वारा मून कम्पनी लि. के प्रत्येक अंश के बदले 10 रु. वाले 12 अंश दिये जायेंगे।

(c) समापन व्यय 10,000 रु. सन कम्पनी लि. द्वारा वहन किये जायेंगे।

सन कम्पनी लि. की पुस्तकों में जर्नल के लेखे कीजिए।

## UNIT-V / इकाई-V

5. How are unrealized profits calculated? How are they used at the time of preparing consolidated balance sheet? Explain by taking an example.

न वसूल हुए लाभ की गणना कैसे की जाती है? समेकित चिट्ठा बनाते समय इनका प्रयोग कैसे किया जाता है? एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Following are the summarized balance sheet of Ashok Ltd. and Vikas Ltd. as at 31st March, 2020 :

| Particular | Ashok Ltd. | Vikas Ltd. |
|---|---|---|
| I **EQUITY AND LIABILITIES** | | |
| **Shareholder's funds :** | | |
| Share Capital | 1,80,000 | 1,00,000 |
| **Reserves and Surplus :** | | |
| Statement of Profit & Loss-Surplus | 35,000 | 25,000 |
| **Current Liabilities :** | | |
| Trade Payables | 80,000 | 30,000 |
| Total | 2,95,000 | 1,05,000 |
| II **ASSETS** | | |
| Sundry Assets | 1,90,000 | 80,000 |
| Trade Receivables | 50,000 | 25,000 |
| 8,000 Shares in Vikas Ltd. at Rs. 10 each (At cost) | 55,000 | ---- |
| Total | 2,95,000 | 1,05,000 |

The debtors of Ashok Ltd. include Rs. 10,000 due from Vikas Ltd., Ashok Ltd. acquired the shares of Vikas Ltd. on 1st October, 2019 when the subsidiary company had a debit balance of statement of profit and loss of Rs. 40,000.

Prepare consolidated balance sheet.



31 मार्च, 2020 को अशोक लि. एवं विकास लि. का संक्षिप्त स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| विवरण | अशोक लि. | विकास लि. |
|---|---|---|
| I **समता एवं दायित्व** | | |
| **अंशधारी कोष :** | | |
| अंश पूँजी | 1,80,000 | 1,00,000 |
| **संचय एवं आधिक्य :** | | |
| लाभ-हानि विवरण आधिक्य | 35,000 | 25,000 |
| **चल दायित्व :** | | |
| व्यापारिक देय | 80,000 | 30,000 |
| **योग** | 2,95,000 | 1,05,000 |
| II **सम्पत्तियाँ** | | |
| विविध सम्पत्तियाँ | 1,90,000 | 80,000 |
| व्यापारिक प्राप्य | 50,000 | 25,000 |
| विकास लि. में 10 रु. वाले 8,000 अंश (लागत पर) | 55,000 | ---- |
| **योग** | 2,95,000 | 1,05,000 |

अशोक लि. के देनदारों में 10,000 रु. की एक राशि शामिल है जो विकास लि. द्वारा देय है। 1 अक्टूबर, 2019 को अशोक लि. ने विकास लि. के अंश प्राप्त किये। इस तिथि को सहायक कम्पनी के लाभ-हानि विवरण पत्र में 40,000 रु. का डेबिट शेष था।

समेकित चिट्ठा बनाइए।

----x----